बांसवाडा में आदिवासी लोकगीतों से रंगा कॉलेज मैदान

बांसवाडा, (निसं)। विश्व आदिवासी दिवस पर शहर के कॉलेज मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बडी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग लोकगीत, पारम्परिक वेशभूषा एवं वाद्ययंत्रों के साथ एकत्रित हुए। पूरा मैदान लोकगीतों की गूंज, कदमों की थिरकन से गूंजता नजर आया। बारिश के चलते कार्यक्रम लगभग तीन घंटे देर से हुआ लेकिन इसके बावजूद लोगों का जोश-उत्साह देखते ही बनता था। कई युवा तो अपने साथ तीर-कमान भी लाये। असम के लोक कलाकारों ने जब अपनी प्रस्तुतियां दी तो हर कोई अभिभूत होता नजर आया। कार्यक्रम में सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि भील प्रदेश जरुर बनेगा। उन्होंने बताया कि बीते पांच साल में देश में सरकारी प्रोजेक्ट गोल्ड माईन्स, टाइगर प्रोजेक्टर, पावर प्लान्ट के कारण साढे चार लाख आदिवासियों को पलायन करना पडा यह सरकारी आंकडा है। रोत ने बताया कि संयुक्त राष्टकृ संघ ने 1994 में विश्व आदिवासी दिवस की घोषणा की थी क्योंकि पूरी दुनिया में आदिवासी समुदाय, जल जंगल, जमीन, संस्कृति, धर्म-परम्पराओं और रीति रिवाज को खत्म किया जा रहा था। आदिवासी समाज के साथ अन्याय और भेदभाव हो रहा था।

विश्व आदिवासी दिवस पर कॉलेज मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को सांसद राजकुमार रोत ने संबोधित किया।

उन्होंने आदिवासी दिवस को होली-दिवाली से भी बडा त्यौहार बताया। उन्होंने दावा किया कि हमारे क्षेत्र में 2015 से संगठन ने काम और संघर्ष किया तब तक यह दिवस देश के किसी भी कौने में नहीं मनाया जाता था। उन्होंने बताया कि डूंगरपुर जिले में 2016 में आदिवासी दिवस मनाने के लिये प्रशासन ने मैदान तक नहीं दिया तब निजी जमीन पर आदिवासी दिवस मनाया गया। उन्होंने याद दिलाया कि 9 अगस्त 2018 में लाखों लोग आदिवासी दिवस मनाने के लिये जुटे तब डूंगरपुर जाम हो गया था। तत्कालीन राज्य की वसुंधरा सरकार तक संदेश गया और ऐच्छिक अवकाश की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि आदिवासी दिवस मनाना गोविन्द गुरु महाराज की मेहरबानी है मावजी महाराज ने समाज को जागृत किया। उन्होंने बताया कि 2019 में राजस्थान विधानसभा में हम दो विधायक थे और गहलोत सरकार पर दबाव बनाया तो राजकीय अवकाश घोषित किया गया। राजस्थान में पहल हुई तो छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश और महाराष्टकृ के लोगों ने भी मांग की और वहां भी आदिवासी दिवस पर अवकाश हुआ। उन्होंने कहा कि आज राज्य में भाजपा सरकार है ऐसे में मंत्रियों को आदिवासियों के बीच आना चाहिए था और उनकी समस्याओं के बारे में जानना चाहिए था लेकिन एक भी मंत्री कहीं भी आदिवासी दिवस नहीं मना रहा है। रोत ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि इलाके में माहौल बिगड गया है असल में अब समाज जाग गया है और अपने हकों के लिये लडने को तैयार है। उन्होंने कहा कि यह दिवस संयुक्त राष्टकृ संघ ने घोषित किया है ऐसे में यह किसी एक व्यक्ति का कार्यक्रम नहीं है इसे सफल बनाना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हम कुदरत बचाने के लिये लड रहे हैं ये बचा तो सबका फायदा होगा और सब जिन्दा रहेंगे। उन्होंने याद दिलाया कि जब नंदलाल मीणा टीएडी मंत्री थे तो उन्होंने कहा था कि भील प्रदेश बनेगा। रोत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देश में जिस तरह के हालात है इससे डर लगता है कि कहीं आने वाले समय में भारत की स्थिति बांग्लादेश जैसी न हो।

■ **आदिवासी दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग लोकगीत, पारम्परिक वेशभूषा एवं वाद्ययंत्रों के साथ एकत्रित हुए**

विश्व आदिवासी अधिकार दिवस मनाया

डूंगरपुर, (निसं)। आदिवासी जनाधिकार एका मंच ब्लॉक झौथरीपाल ने विश्व आदिवासी अधिकार दिवस कार्यक्रम महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय झौथरी पाल के परिसर मे शंकरलाल अहारी की अध्यक्षता में मनाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते आदिवासी जनाधिकार एका मंच के राज्य सचिव विमल भगोरा ने कहां कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने मूलनिवासी संस्कृति,भाषा संरक्षित आदि को बचाने के लिए 9 अगस्त 1982 मे जेनेवा मे बैठक की। उन्होने पर्यावरण को बचाने की मुहिम चलाई और दिसम्बर 1994 मे इस दिवस को मनाने का तय किया। राष्ट्रीय स्तर पर आदिवासियो की समस्या को एक मंच पर लाने के लिए आदिवासी अधिकार राष्ट्रीय मंच 2013 मे बनाया। संगठन ने राष्ट्रीय स्तर पर आदिवासियों की बुनियादी समस्या,पलायन, विस्थापन, जनसंख्या के अनुपात मे बजट पारित करना, वन भूमि पर काबिज लोगो को पट्टा की समस्या को चिन्हित किया और समस्या को लेकर संघर्ष किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के जिला उपाध्यक्ष शंकरलाल अहारी ने कहा कि हमे वर्तमान समाज की हालातो पर चर्चा करनी चाहिए। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य पर विस्तृत चर्चा की:-उन्होने कहां कि सरकार द्वारा चलाया गया हरयालों राजस्थान पर कहां कि शिक्षा विभाग को पूरे कार्यक्रम में झोंक दिया।

तीन दिवसीय उर्स की तैयारियां अंतिम चरण में

कपासन, (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. का 83वें तीन दिवसीय उर्स की तैयारियां अंतिम चरण में, उर्स में कार्य करने के लिए कमेटियां गठित।

दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार बाबा हुजूर का तीन दिवसीय उर्स 12 अगस्त से शुरू होकर 14 अगस्त बुधवार को कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न होगें। उर्स के लिए तैयारिया अंतिम चरण मे है नसीब टेन्ट हाउस उदयपुर के हाजी असलम भाई छीपा 30 मजदूरो के साथ 20 दिन से खूबसुरत वाटर प्रुफ टेन्ट लगाने मे लगे हुवे है। भीलवाडा के चाँद जी लाईट डेकोरेशन वाले 18 मजदूरो के साथ 15 दिन से दरगाह परिसर को जगमगाने के लिए डेकोरेशन के कार्य मे लगे हुवे है। औलिया मस्जिद, आयशा मस्जिद, गुम्बद, शाही महफिल खाना, अहमद कबिर मंजिल, बुलन्द दरवाजा के दोनो तरफ सभी कमरे, दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय व मुसाफिर खाने मे रंग रोगन दो माह से लगातार चल रहा है। आहता ऐ नूर के पूर्व, उत्तर, दक्षिण के डोम मे पी.वी.सी. का कार्य हो चूका है। चमन भाई जावद वाले फ्लोवर डेकारेशन से दरगाह परिसर को सजाने मे लगे है। अहमद कबीर मंजिल मे दिल्ली की पेरोफ्लेक्स कम्पनी द्वारा डोम लगाने का कार्य अंतिम चरण मे है। दरगाह वक्फ कमेटी के सदस्य अब्दुल वहीद अंसारी के अनुसार मेला ग्राउण्ड मे 700 से अधिक दुकानदारो को दुकाने लगाने के लिए प्लॉट आंवटित कर दिए गए है। डोलर, झूला-चकरी लगाने वाले अपने कार्य मे लगे हुवे है।

आदिवासी दिवस पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में पहुंचे हजारों लोग

राजसमंद, (निसं)। विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी एकता परिषद एवं आदिवासी एकता संस्थान राजसमन्द की ओर से शुक्रवार को जिला मुख्यालय के समीपवर्ती वांसोल गांव में प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक एवं आदिवासी समागम कार्यक्रम समाजजनों की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

राजसमन्द झील किनारे वांसोल गांव स्थित सबरी मां भवन प्रांगण में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी एकता परिषद के प्रदेशाध्यक्ष मोग भगोरा डूंगरपुर ने की। जबकि मुख्य अतिथि दादरा-नगर हवेली से आए परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मण्डल सदस्य व वरिष्ठ आदिवासी नेता प्रभु टोकिया, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय साहित्य अध्यक्ष मण्डल सदस्य डॉ मानसिंह निनामा बांसवाडा, राष्ट्रीय अध्यक्ष मण्डल सदस्य साधना मीणा उदयपुर, जीवराज डामोर डूंगरपुर, प्रदेश महामंत्री शंकर कोटेड डूंगरपुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष व पार्षद रामलाल मीणा, राजसमन्द जिलाध्यक्ष इन्द्रलाल गमेती, छात्रनेता कांतिलाल मइडा, संजय निनामा रहे। प्रारम्भ में अतिथियों ने वीर यौद्धा राणा पूंजा व महान क्रांतिकारी बिरसा मुण्डा की छवि पर माल्यार्पण कर नमन किया।

■ **आदिवासी समाज उत्थान पर चर्चा, जन जागृति बढाने पर जोर**

परिषद जिलाध्यक्ष इन्द्रलाल गमेती, युवा जिलाध्यक्ष वेणीराम गमेती, प्रदेश कोषाध्यक्ष रामलाल मीणा, उपाध्यक्ष एडवोकेट रोशनलाल भील, सलाहकार मंत्री श्यामलाल, रतनलाल, भंवरलाल खारण्डिया, मदनलाल, मुकेश मीणा, उषा गमेती, पिंकीदेवी, कर्मचारी प्रकोष्ठ के मूलचंद भैरूलाल, धन्नालाल आदि ने आदिवासी परम्परानुसार पगडी, गमछा पहनाकर व महापुरूषों की चित्रछवि भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया।

आरम्भ में जिलाध्यक्ष इन्द्रलाल गमेती ने कार्यक्रम की रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि लगातार प्रयासों के चलते आदिवासी सुदाय में जागृति बढी है जिसके नतीजन आज जिले में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम हुआ है जिसमें हजारों की जन भागीदारी हुई है। उन्होंने आदिवासी समाज उत्थान के लिए सतत प्रयासरत रहने का विश्वास दिलाया ताकि आदिवासी वर्ग को समाज की मुख्य धारा से जोडा जा सके।

समाज सम्बन्धी विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा: कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता व राष्ट्रीय अध्यक्ष मण्डल सदस्य प्रभु टोकिया, डॉ मानसिंह निनामा, साधना मीणा, प्रदेशाध्यक्ष मोग भाई आदि ने सम्बोधित करते हुए आदिवासी दिवस की महत्ता व उपादेयता समझाई।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखी आदिवासी झलक

डूंगरपुर, (निसं)। विश्व आदिवासी दिवस पर शुक्रवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से आदिवासी परंपराओं और रीति रिवाज के अनुसार कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर से लेकर गांवों में आदिवासी वेशभूषा के साथ रैली, वाहन रैली निकाली गई। शहर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आदिवासी सम्मेलन हुआ। जिसमें आदिवासी समाज को आगे बढाने के लिए एकजुट होने का संदेश दिया गया।

विश्व आदिवासी दिवस को लेकर भारत आदिवासी पार्टी और उसके कई संगठनों की ओर से जिला स्तरीय कार्यक्रम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किए गए। कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही ग्राउंड में लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। दोपहर तक लोग रैलीए वाहन रैली, डीजे की धुनों के साथ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहुंचने लगे। युवक सफेद धोती, कुर्ता,माथे पर साफा, गोफन, मोर पंख बांधकर आदिवासी वेशभूषा में पहुंचे, जबकि महिलाएं और युवतियां आदिवासी ओढनी, घाघरा के साथ ही जेवरात पहनकर आई। खुले ग्राउंड में हजारों की भीड में जय जोहार के नारे गूंजते रहे। आदिवासी महापुरुषों की तस्वीरों के सामने दीप जलाए। इसके बाद कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय युवक और युवतियों ने कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।

डूंगरपुर-बांसवाडा: सांसद राजकुमार रोत ने आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहां कि देश की आजादी के बाद भी आदिवासियों को अपने हक अधिकार नहीं मिले हैं।

विधायक कावड यात्रा में शामिल हुईं

राजसमंद, (निसं)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने परम पवित्र श्रावण मास के पुण्य अवसर पर महिला मोर्चा कुरज मण्डल द्वारा ग्राम कुरज से समेलिया महादेव मन्दिर तक आयोजित कावड यात्रा में सम्मिलित हुई। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यात्रा करने से व्यक्ति के जीवन में सरलता आती है और उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। कावड यात्रा करने से व्यक्ति जीवन व मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है और शिव धाम को प्राप्त होता है। साथ ही अश्वमेघ यज्ञ के समान फल है। परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती है। कावड यात्रा शिवो भूत्वा शिवम जयेत यानी शिव की पूजा शिव बन कर करो को चरितार्थ करती है।

शिवादेवी नंद के वरघोडो में गूंजा जयकारा

डूंगरपुर, (निसं)। श्री नेमिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव के निमित जब मंदिर परिसर से भगवान को पालकी में विराजित कर मुनि रत्नसागर जी,पवित्र रत्न सागर एवं साध्वी संघ की निश्रा में वरघोडा मुख्य मार्गो से निकली तो धार्मिक गीतों ने समा बांध दिया। भगवान की पालकी ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर से श्वेत परिधानों में नवयुवक मण्डल के नौजवान भगवान की पालकी को लेकर पुराना बस स्टेण्ड मार्ग से जब गुजरे तो पूरा क्षेत्र धर्ममयी हो गया।

शोभायात्रा में श्री गंभीरा पार्श्वनाथ महिला मण्डल भी विशेष परिधान में थी। भगवान की पालकी ओटा स्थित मंदिर स्थल से प्रारंभ होकर पुराना बस स्टेण्ड होते हुए तहसील चौराहा पहुंची। जहां से पुन: उसी मार्ग से मंदिर स्थल पर पहुंची। राह मे जगह-जगह धर्म प्रेमियो ने पालकी की आगवानी, अक्षत की गऊंली कर की। इससे पूर्व भगवान नेमिनाथ का गजपद कुण्ड व शत्रुजंय कुण्ड के जल से अभिषेक हुआ। इसके पश्चात दुग्धापक्षाल, केसरपूजा, फूल पूजा लाभार्थी परिवारों द्वारा की गई। साथ ही भक्तजनो द्वारा पुष्पवर्षा भी की गई।

सार-समाचार

शिविर में दिव्यांगजनों को दिये उपकरण

बांसवाडा, (निसं)। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति एवं अपना परिवार संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में न्यू लुक संस्थान लोधा में दिव्यांग सहायता शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज ने पीडित मानवता की सेवा के लिये अपना परिवार संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिले से आये दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर एवं कान में सुनने की मशीन प्रदान की गई। ध्यान रहे कि विगत कई वर्षों से अपना परिवार संस्थान के माध्यम से वागड क्षेत्र से जुडे 10 जिलों में दिव्यांग लोगों को जयपुर फुट, कैलीपर्स, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कान में सुनने की मशीन, बैसाखी आदि उपकरण शिविर लगाकर लाभान्वित किया जा रहा है। अपना परिवार संस्थान के संस्थापक विकेश मेहता ने बताया कि शिविर में विजय कृष्ण वैष्णव, न्यू लुक शिक्षण संस्थान के प्राचार्य सुशील सोमपुरा, मयूर जैन, ओमप्रकाश सहित अपना परिवार संस्थान के सतीश नगावत ने सहभागिता निभाई। विकेश मेहता ने बताया कि जिले में दिव्यांग जनों की सर्वे कराई जा रही है एवं जिन दिव्यांगजनों को उपकरण चाहिए वह आवेदन कर सकते हैं। संचालन विजय कृष्णा वैष्णव ने किया।

आज रहेगी विद्युत आपुर्ति बाधित

राजसमंद, (निसं)। 132 केवी कांकरोली जीएसएस पर आवश्यक रखरखाव के चलते शनिवार को सुबह 10 से शाम 5:30 बजे तक संबंधित क्षेत्रों राजनगर, कबूतर खाना, मामा भानेज रोड, जल चक्की, 100 फिट रोड, सिविल लाइन, राजनगर बस स्टैंड, टीवीएस चौराहा, मंडा, नायकवाडी, कलालवाडी, फवारा चौक, कांकरोली बस स्टैंड, मेन चौपाटी, छतरिया, मुखर्जी चौराहा, सुंदर कॉलोनी, शांति कॉलोनी, रीको खेडाना, नई आबादी, जेके सर्कल, स्वस्तिक सिनेमा, वीरभान जी का खेडा, एमडी, धोइंदा, जावद, हाउसिंग बोर्ड, आलोक स्कूल, सालमपुरा, रीको धोइंदा, रीको राजनगर, पुलिस लाईन, नवोदय स्कूल, सेवाली, सनवाड, सुंदरचा, मुंडोल, साकरोदा, डिप्टी खेडा आदि से संबंधित समस्त शहरी, ग्रामीण एवं औद्योगिक क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

कांग्रेस सेवादल ने मनाया अगस्त क्रांति दिवस

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय पर कांग्रेस सेवा दल की ओर से शुक्रवार को अगस्त क्रांति दिवस मनाया गया। इससे पहले कांग्रेस सेवादल की ओर से शहर में भारत न्याय तिरंगा यात्रा निकाली गई। उसके बाद जिला मुख्यालय पर 100 फीट रोड पर जिला कलेक्ट्रेट के सामने स्थित शहीद स्मारक में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष पुष्कर श्रीमाली ने बताया कि 9 अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस पर कांग्रेस सेवादल द्वारा क्रांति दिवस मनाया गया। उइस दौरान सेवादल के राजसमंद प्रभारी महेश त्रिपाठी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड, पूर्व जिला प्रमुख नारायणसिंह भाटी, पीसीसी सदस्य शांतिलाल कोठारी, सभापति अशोक टांक, उपसभापति चुन्नीलाल पंचोली, एससी जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड, महिला जिलाध्यक्ष राजकुमारी पालीवाल, चंचल नंदवाना, हरिवल्लभ पालीवाल, कमलेश साहू, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश गुर्जर, मांगीलाल टांक, नारायण सुथार, हिमानी नंदवाना, चम्पालाल माली, फुलेश खत्री, भूरालाल कुमावत, देवनारायण खटीक, गफ्फार मोहम्मद, पीरू खींची, मुकेश भार्गव, कमल खटीक सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। गौरतलब है कि 9 अगस्त 1925 को देश की संपूर्ण आजादी का संकल्प लिया था। इस अवसर पर अंग्रेजों की यातनाएं सहन करने वाले और अन्य क्रांतिकारियों को याद किया जाता है।

जनजाति बालिकाओं को किया जागरूक

उदयपुर, । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में जनजाति बालिका छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। एडीजे एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव कुलदीप शर्मा ने जनजाति बालिकाओं को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने एवं नवचेतना अभियान, साइबर क्राइम से बचने के उपाय, बाल विवाह रोको अभियान, पर्यावरण सरंक्षण, नि:शुल्क विधिक सहायता, राष्ट्रीय लोक अदालत आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर भी मौजूद रहे।

परशुराम महादेव मेला आज

राजसमंद, (निसं)। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी फूटा मंदिर स्थित मेला ग्राउंड में परशुराम महादेव के वार्षिक मेले का आयोजन शनिवार को होगा। जिसमें विशाल भजन संध्या के साथ ही महाप्रसादी और कल्पेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी होगी। मेले को लेकर ट्रस्ट अध्यक्ष गणेशसिंह परमार ने शुक्रवार को कल्पवृक्ष वाटिका में हवन एवं पूजा -अर्चना कर मेले का शुभारंभ किया। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हो रहे हवन में महंत हरिहर पुरी के सानिध्य में पंडित महेन्द्र श्रीमाली, ललित श्रीमाली, प्रवीण श्रीमाली और देवेंद्र श्रीमाली ने मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान सम्पन्न करवाया। वहीं मेले को लेकर पुलिस प्रशासन के जवानों की भी फूटा मंदिर, गुफा मंदिर और अमर गंगा सहित मेवाड -मारवाड की सीमा तक तैनातगी की गई। शनिवार को मुख्य मेले के तहत कल्पेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही महाप्रसादी का शुभारंभ होगा जो पूरे दिन चलेगा। शाम को विशाल भजन संध्या का अयोजन होगा। जिसमें ख्याति प्राप्त कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। मेले को लेकर मेला मजिस्ट्रेट उपेंद्र शर्मा, तहसीलदार विनोद कुमार जांगिड, विकास अधिकारी मांगीलाल, थानाधिकारी विशाल गवारिया, सीआई योगेश चौहान सहित सैंकडों पुलिस कर्मी तैनात है।

पालिका वाहन का निजी उपयोग, कांग्रेस पार्षदों ने कार्यवाही की मांग की

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर नगर पालिका की सरकारी गाडी से कार्यवाहक ईओ 400 किमी दूर अपने घर की यात्रा कर रहे हैं और कार्यालय में स्वयं की निजी गाडी को पार्किंग कर रखी है। इसको लेकर कांग्रेस पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष व भीण्डर उपखण्ड अधिकारी को पत्र देकर कार्यालय से गाड़ी नदारद होने की जांच करके संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

भीण्डर नगर पालिका में कार्यरत्त कनिष्ठ अभियंता रसेलसिंह को कार्यवाहक ईओ की भी जिम्मेदारी दे रखी है। नागौर जिले के मेडता क्षेत्र के निवासी होने की वजह से पालिका अवकाश के दिनों में अपने घर जाते रहते हैं। अभी नगर पालिका में तीन दिनों का लगातार अवकाश होने से रसेलसिंह घर गये हुए हैं। लेकिन इस दौरान नगर पालिका की सरकारी गाडी भी पालिका कार्यालय से नदारद दिखी, जबकि अवकाश के दौरान पालिका कार्यालय परिसर में ही गाडी होनी चाहिए। वहीं कार्यवाहक ईओ की निजी गाडी पालिका कार्यालय की पार्किंग में पडी हुई है। इसको लेकर नगर पालिका के काग्रेस पाषदा ने हस्ताक्षर करके एक पत्र नगर पालिका अध्यक्ष व एक पत्र उपखण्ड अधिकारी भीण्डर को भेजा।

भीण्डर नगर पालिका कार्यालय पार्किंग में पड़ी कार्यवाहक ईओ का निजी वाहन।

■ **भीण्डर पालिका की गाडी से ईओ 400 किमी दूर अपने घर की कर रहे हैं यात्रा**

कांग्रेस पार्षद अब्दुल कादिर, मुबिना बोहरा, उमा कुंवर, सुमन लक्षकार, लाली मीणा, ईश्वर खटीक, गोपाल चौबीसा के हस्ताक्षशुदा पत्र में नगर पालिका अध्यक्ष निर्मला भोजावत व भीण्डर उपखण्ड अधिकारी रमेश बहेडिया से मांग की गई हैं कि नगर पालिका का बोलेरो वाहन विगत कई दिनों से नगर पालिका परिसर में नजर नहीं आ रहा है। उक्त वाहन का उपयोग निजी कार्य के लिए किसी व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। इससे नगर पालिका को राजस्व हानि होने के साथ-साथ सरकारी वाहन का नाजायज फायदा उठाया जा रहा है। नियम विरूद्ध वाहन का सचालन करन वाला के खिलाफ कार्यवाही की जाएं अन्यथा सभी पार्षद पालिका कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

भीण्डर नगर पालिका में कार्यरत्त कनिष्ट अभियंता व कार्यवाहक ईओ रसेलसिंह मेडता विधानसभा की पूर्व विधायक इंद्रादेवी बावरी के पति हैं। इंद्रादेवी बावरी 2018 में आरएलपी से विधायक चुनी गई थी। 2018 से 2023 तक विधायक रही और 2023 विधानसभा चुनाव हार गई थी। पूर्व विधायक इंद्रादेवी बावरी के पति रसेलसिंह की 8 माह पहले ही भीण्डर नगरपालिका में पोस्टिंग हुई है।

निर्मला भोजावत, अध्यक्ष नगर पालिका भीण्डर का कहना है कि मुझे भी काग्रेस पाषदा का पत्र मिला, मेरा जानकारी में भी नहीं हैं कि नगर पालिका से वाहन कहां गया हुआ है। इसका जवाब ईओ ही दे सकते है। रसेलसिंह, कार्यवाहक ईओ नगर पालिका भीण्डर का कहना है कि मैं पालिका के वाहन को निजी उपयोग के लिए नहीं ले गया।

7 अगस्त को जयपुर में पालिका संबंधित आवश्यक कार्य होने की वजह से वाहन लेकर गया था। इस दौरान ड्राइवर के घर में परिजन बीमार होने से वह गाडी जयपुर छोड करके घर गया है। रविवार को दूसरे कर्मचारी को बुलाकर गाडी जयपुर से भीण्डर से लेकर आ जायेंगे। सरकारी वाहन का मैंने कोई दूरूपयोग नहीं किया है।

चोरी की वारदात का खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने गत 22 जुलाई को शास्त्री कॉलोनी में एक रिहायशी सूने मकान में अज्ञात बदमाशोने सेंघमारी कर लाखों रूपयो के आभूषण व नकदी चुरा कर ले जाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

शहर कोतवाल भगवानलाल ने बताया कि शास्त्री कॉलोनी निवासी मदेयन पुत्र मुर्तजा भाई नाखूदा बोहरा निवासी पूना हाल शास्त्री कॉलोनी हुसैन अली नाहरवाला के मकान में किराये से रह रहे थे और मोहर्रम का त्यौहार होने के कारण वे विदेश गये हुए थे। 22 जुलाई को जब वह लौटे तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ है। तथा छत के दरवाजे का नकुजा टूटा हुआ और दरवाजा खुला हुआ था। जैसे ही घर के कमरों में प्रवेश किया तो आलमारी भी खुली हुई पाई गई। जिसमे लगभग 35 तोला सोने के आभूषण तथा 50 हजार नकदी गायब थे। प्रार्थी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी। तकनीकी जांच के आधार पर संदिग्धो की पहचान करते हुए इस मामले में आदतन अपराधी शाहरूख उर्फ चिन्दू पुत्र अब्दुल रज्जाक पठान निवासी लालपुरा को गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी ने पातेला स्थित बोहरा के मकान से भी जेवरात, घडिया, नकदी, आदि चोरी करना कबूला है। इसके अलावा पूर्व में भी छह वारदातो में वांछित है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

सीड बॉल का घणा बेडा माताजी स्थल से किया छिड़काव

जिले के भीम क्षेत्र में स्थित घणा बेडा माताजी स्थल से सीड्स बॉल अभियान के तहत गुलेल के माध्यम से सीड बॉल का छिडकाव करती युवतियां।

राजसमंद, (निसं)। ग्लोबल वार्मिंग जैसे खतरों से निपटने के लिए पर्यावरण की सुरक्षा के साथ ही इसके संरक्षण के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करना जरूरी है। ऐसा ही प्रयास कर रही है सामाजिक कार्यकर्ता भावना पालीवाल के मार्गदर्शन राजसमन्द जिले की महिलाएं और युवतियां। शुक्रवार को कॅरियर संस्थान राजसमन्द की टीम जिले के भीम क्षेत्र में घने जंगलों और पहाडियों पर बसे घणा बेडा माताजी स्थल जो लगभग एक हजार फीट की ऊंचाई पर है जाकर इन युवतियों ने दस हजार से अधिक सीड्स बॉल का छिडकाव किया।

लकिता कुमारी ने बताया कि शुक्रवार को संस्था के सभी सदस्य हाथों में तिरंगा लिए प्रात: ही इस स्थल पर पहुंचे और चार घंटों तक लगातार पहाडी के चारों ओर गुलेल के माध्यम से और जगह जगह खड्डे खोदकर हजारो सीड्स बॉल को मिट्टी में दबा दिया जिससे इस मौसम में वो स्वत: ही अंकुरित हो जायेंगे।

इस अभियान की प्रेरक और संस्थान अध्यक्ष भावना पालीवाल का कहना है कि हरियाली को बढावा देने के लिए कॅरियर संस्थान राजसमन्द द्वारा प्राकृतिक संरक्षण के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। जिससे धरती को हरा -भरा करने में मदद मिलेगी और लोगों का खर्चा भी नहीं होगा। संस्था की महिलाओं ने लाखों सीड्स बॉल तैयार किए हैं जिससे हरियाली को बढावा मिलेगा और इसकी लागत मात्र 1 रुपये आई है। जिसमें नीम, शीशम, जामुन, बबूल, कचनार सहित कई छायादार वृक्षों के बीज मौजूद हैं और यह बीज गाय के गोबर में तैयार किए गए हैं ताकि जब भी इनको जमीन पर लगाया जाएगा तो प्राकृतिक गुण के साथ यह अंकुरित हो जायेंगे।

इस दौरान सीड्स बॉल अभियान में रवीना चौहान, चंचल चौहान, प्रीति प्रजापत, माया रेबारी, रेखा रावत, राधा रावत, कीर्ति लोहार, तरुणा चौहान, डिंपल सालवी, तनु मेवाडा, गीता पंवार, लकिता कुमारी, दीपिका कुमारी, राजकुमारी, दिव्य कुमारी, दीपिका सेन, संतोष कुमारी, ललिता कुमारी, गौरी कुमारी, सपना प्रजापत, निरमा खटिक, निशा जोशी, अस्मा टांक, तरुणा कुमारी, लोकप्रिया कुमारी सहित विभिन्न युवतियों का सहयोग रहा।